दैनिक बिहार पत्रिका
DAINIK BIHAR PATRIKA

दैनिक बिहार पत्रिका
सच के साथ

पटना, बुधवार, 07 फरवरी,2024 | पटना से प्रकाशित | संपादक - कृष्णा टेकड़ीवाल | मूल्य- ₹ 1 | पेज- 2 | वर्ष 3 | dainikbiharpatrika.com

**सुविचार**

“जितना कठिन संघर्ष होगा,
जीत उतनी ही शानदार होगी।”

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर पीके ने सवाल उठाए

# कांग्रेस के तेलंगाना सीएम ने बिहारियों के DNA को मजदूर वाला बताया था







दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के ‘बिहार DNA’ वाले बयान पर बिहार में 17 महीनों से जन सुराज अभियान के तहत पदयात्रा कर रहे प्रशांत किशोर ने करारा प्रहार किया है। खगड़िया में प्रशांत किशोर ने कहा कि बताइए राहुल गांधी बिहार में पदयात्रा करने आए हैं। वहीं, तेलंगाना में कांग्रेस का अभी जो मुख्यमंत्री बना है, एक महीने पहले जुम्मा-जुम्मा जिस आदमी को मुख्यमंत्री बने दो हफ्ते भी नहीं हुए और उस आदमी की इतनी कुब्बत है कि कहता है कि बिहारियों का DNA है मजदूरी करने का। उन्हीं की पार्टी के राहुल गांधी बिहार में आकर वोट मांगते हैं। अगर, हम लोगों की कुब्बत मजदूरी करने की है, तो हम लोगों से वोट मांगने क्यों आ रहे हो? तेलंगाना के वोट से ही देश के राजा बन जाओ।

### अगर मोदी जी किसी उद्योगपति को कह दें कि बिहार में चीनी मील को चालू कर दो, तो किसकी हिम्मत है न करे: प्रशांत किशोर

प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर मोदी जी को लगता है कि बिहार पिछड़ा है, तो आप मुझे बताइए कि गुजरात में इन्वेस्टमेंट समिट के तहत लाखों-करोड़ों रुपए का इन्वेस्टमेंट होता है। दस वर्षों से मोदी जी प्रधानमंत्री हैं, एक दिन बिहार भी आ जाते। लाख, करोड़ का नहीं एक, दो-चार हजार करोड़ की फैक्ट्री बिहार में भी लगवा देते। लोग कहते हैं कि मोदी जी 16 घंटे काम करते हैं, तो एक दिन में 16 घंटे बिहार के लोगों के लिए भी निकाल लेते और बिहार की चीनी मील को चालू करवा देते। अगर, मोदी जी किसी उद्योगपति को कह दें कि बिहार में चीनी मील को चालू कर दो, तो किस उद्योगपति की हिम्मत है कि बिहार में चीनी मील चालू नहीं करेगा।

### गुजरात से 26 MP जीतकर गए वहां बुलेट ट्रेन ला रहे, बिहारियों ने 39 MP जीताया और पैसेंजर ट्रेन के लिए कर रहे इंतजार

प्रशांत किशोर ने कहा कि जिस गुजरात से 26 एमपी जीतकर गए, वहां हर 10वें दिन मोदी जी इन्वेस्टमेंट समिट करा रहे हैं, हर 15वें दिन वहां जाकर बैठक कर रहे हैं। गुजरात के विकास की चिंता कर रहे हैं। एक लाख करोड़ रुपए की बुलेट ट्रेन ला रहे हैं। आपके यहां कुशेश्वर स्थान से खगड़िया तक पैसेंजर ट्रेन 40 वर्षों से अधर में लटकी हुई है, किसी ने उसकी बात की? हमने 39 एमपी जीताकर भेजा है। जब आपको और हमको चिंता ही नहीं है, तो मोदी जी और राहुल जी हमारी चिंता क्यों करेंगे। लालू-नीतीश तो बिहारियों को लूट ही रहे हैं और वो जनता का शोषण इसलिए कर पा रहे हैं क्योंकि मोदी जी और राहुल गांधी इनकी मदद कर रहे हैं।

# सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



दैनिक बिहार पत्रिका | प्रवीण कुमार प्रियांशु

**खगड़िया** जिले के अलौली प्रखंड अंतर्गत बहादुरपुर थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित हुई।अध्यक्षता नव पदस्थापित ओपी अध्यक्ष अजय कुमार ने की। थानाध्यक्ष के रूप में योगदान करते हुए श्री अजय कुमार ने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में शांति स्थापित करना,अपराध पर पूरी तरह लगाम लगाना व पुलिस और पब्लिक के बीच अच्छा संबंध स्थापित करना होगा। उन्होंने इसके लिए क्षेत्र के लोगों को भी पुलिस को मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में अशांति फैलाने वाले बख्शे नहीं जाएगें। अच्छे लोगों का सम्मान करना व अशांति फैलाने वालों लोगों तथा आपराधिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करना मेरी पहली प्राथमिकता है। नए थानाध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवियों ने खुशी व्यक्त कि है। बैठक में शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा मनाने की अपील की गई। बैठक में डीजे नहीं बजाने की अपील की गयी। साथ ही डीजे पर पुर्णतः पाबंदी लगाने का सख्त आदेश दिया गया है। वहीं डीजे पर अश्लील गाने को इस तरह के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पूजा स्थल के आसपास हुड़दंगियों पर नजर रखने एवं इसकी सूचना पुलिस को देने की अपील की। बैठक में पूजा समितियों ने विधि व्यवस्था को लेकर अपनी-अपनी बात रखी। मौके पर नव पदस्थापित ओपी अध्यक्ष अजय कुमार,एएसआई मो0 इस्माइल सहित अन्य पुलिस अधिकारी व पुलिस के जवान तथा गृह रक्षक व ग्रामीण पुलिस मौजूद थे। बधाई देने वालों में शुम्भा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सह सरस्वती मेला अध्यक्ष भागीरथी पासवान, मुखिया अशोक सिंह, सरपंच रंजीत पासवान, बहादुरपुर पंचायत के मुखिया लोहा सिंह, छिलकौड़ी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अवधेश मुखिया, गौड़ाचक के सरपंच प्रमोद यादव, पंचायत समिति सदस्य मछड़ा बादल सदा, सरपंच प्रतिनिधि छिलकौड़ी कौशल कुमार तथा नरेश कुमार वार्ड सदस्य, अनिल कुमार, विजल कुमार यादव, दु:खी यादव, मनोज कुमार, अमरजीत कुमार, अशोक साह, जर्नादन यादव, रामचन्द्र कुमार, सुनील कुमार, कन्हैया सिंह, प्रभाकर सिंह,रमेश साह सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा समाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बांका: अधिवक्ता के निधन पर शोकसभा, बांका एसोसिएशन में पार्थिव शरीर को दी गई श्रद्धांजलि

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिला विधिज्ञ संघ के अधिवक्ता व संघ के पूर्व सचिव अजीत कुमार सिंह (63 वर्ष) का निधन 6 फरवरी की सुबह भागलपुर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। स्वर्गीय सिंह करीब 30 वर्षों तक वकालत कार्य से जुड़े रहें। स्वर्गीय सिंह के पार्थिव शरीर को दर्शन के लिए मंगलवार को बार एसोसिएशन परिसर में रखा गया, जहां एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह, महासचिव धर्मेंद्र कुमार, संघ के पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह, सुबोध कुमार मोदी, आजीवन कुमार सिंह, मीना झा, दीपक कुमार सिंह, उमेश्वर प्रसाद सिंह, राधामोहन सिंह, श्रीनिवास सिंह, रामदुलार यादव, आनंददेव चौधरी, मो. आजम, रामजी सिंह, सिकंदर यादव, बबुलाल यादव, एडवोकेट एसोसिएशन के सचिव महेश्वरी यादव, वरीय अधिवक्ता उमेशानंद पंडित, रामकिशोर यादव, अम्बर मुखर्जी, अरविंद कुमार सिंह, दिवाकर झा, अशोक कुमार झा, उमेश यादव, लोक अभियोजक हीरालाल सिंह, अवधेश बिहारी राय सहित कई अन्य अधिवक्ताओं ने उनके मृत शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। अधिवक्ता स्वर्गीय ठाकुर के निधन पर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए जिला विधिज्ञ संघ बांका के सेंट्रल हॉल में शोकसभा आयोजित किया गया, तत्पश्चात उनके सम्मान में सभी अधिवक्ता न्यायालय के कार्य से अलग रहे।

## नवगछिया पेट्रोल कांड: आग से जली बच्चियों की स्थिति में सुधार, जल्द ही उद्भेदन

**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत नवगछिया पुलिस जिला रंगरा ओपी के मुरली गांव में पेट्रोल डालकर एक साथ पूरे परिवार के जलाने के मामले में गंभीर रूप से जली चार बच्चियों में भारती की स्थिति अभी भी नाजुक बनी है। ऐसे भारती की जलने को लेकर रांची के रिम्स अस्पताल के चिकित्सकों ने 15 से 20 प्रतिशत जलने की जानकारी दी गयी है। भारती के पिता ने बताया कि बच्चों के हालात में धीरे- धीरे सुधार होने की जानकारी मिल रही है। हमलोग काफी परेशान हैं, घर में सभी लोग खाना-पीना नहीं खा रहे हैं। बच्चों पर ध्यान लगा है। वहीं इस मामले को लेकर रंगरा पुलिस द्वारा मोबाइल कॉल डिटेल निकालने की तैयारी कर रही है। थानाध्यक्ष सुजीत वारसी ने बताया कि घटना के बाद परिजनों के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर लिया गया है, लेकिन अभी तक परिजनों ने किसी पर संदेह नहीं किया है। इसलिए हमलोग अपने स्तर से जांच शुरू किए है और जल्द ही पूरे मामले का उद्वेदन होगा। मालूम हो की मुरली गांव के विद्यानंद सिंह पंचायत चुनाव में मुखिया पद का चुनाव लड़े थे। चुनाव लड़ने के रंजिश में आकर कुछ असामाजिक तत्वों ने पेट्रोल छिड़ककर विद्यानंद सिंह, आरती कुमारी, भारती कुमारी व भावना कुमारी को जलाने का प्रयास किया था। इस घटना में आरती 12-15 प्रतिशत जली हुई है, भारती 15-20 प्रतिशत जली हुई है, भावना 7-10 प्रतिशत जली हुई है और खुद विद्यानंद सिंह 3-5 प्रतिशत जले हैं। सबसे नाजुक स्थिति भारती की बतायी गयी है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली पर दस साल तक की जेल

**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा** प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी से निपटने के प्रावधान वाला लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 लोकसभा में पेश किया गया। इसमें परीक्षाओं में अनियमितताओं से संबंधित अपराध के लिए तीन से पांच साल तक जेल और 10 लाख तक जुर्माना लगेगा। वहीं, संगठित अपराध के मामलों में 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है।केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने विधेयक पेश किया। इसमें उच्च-स्तरीय तकनीकी समिति के गठन का प्रस्ताव है, जो कंप्यूटर के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया को और सुरक्षित बनाने के लिए सिफारिशें करेगी। यह एक केंद्रीय कानून होगा और इसके दायरे में संयुक्त प्रवेश परीक्षाएं व केंद्रीय विवि में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाएं भी आएंगी। सूत्रों ने बताया कि विधेयक में विद्यार्थियों को नहीं बल्कि संगठित अपराध, माफिया और साठगांठ में शामिल पाए गए लोगों पर कार्रवाई का प्रावधान है। विधेयक के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, आरआरबी, आईबीपीएस, एनटीए आदि की परीक्षाएं आएंगी। ऐसे मामलों की जांच डीएसपी या सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा की जाएगी। केंद्र सरकार को अधिकार होगा कि वह जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंप सकती है।

## बांका: मनीष कुमार बने अमरपुर सर्किल इंस्पेक्टर, किया पदभार ग्रहण


दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा



**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर थाना में सर्किल इंस्पेक्टर के पद पर इंस्पेक्टर मनीष कुमार को पदस्थापित किया गया है। मंगलवार को उन्होंने अमरपुर में अपने कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा ने उनके कार्यालय वेश्म में बुके देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर इंस्पेक्टर श्री कुमार ने कहा कि पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि थानाक्षेत्र में अमन-चैन कायम करना तथा लोगों का विश्वास जीतना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर थाना के सभी पुलिस अधिकारी मौजूद थे।


## बौंसी: ज्वेलरी शॉप में लाखों की संपत्ति की चोरी

दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन



**बौंसी। बांका। बिहार।** जिलांतर्गत नगर पंचायत बौंसी डैम रोड स्थित जीत ज्वेलर्स में छत तोड़कर करीब 15 लाख की संपत्ति की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस चोरी के घटना की इतनी बड़ी वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। इस घटना को लेकर ज्वेलरी शॉप के मालिक अमरजीत भगत ने थाने में आवदेन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ जांच कर न्याय की मांग की है। चोरी की घटना के बारे में अमरजीत भगत ने पूछे जाने पर बताया कि रात में छत को तोड़कर चोर दुकान में घुसा है, और सारा सामान लेकर चला गया। जब सुबह जाकर प्रत्येक दिन की तरह दुकान खोले तो दुकान खाली पड़ा हुआ था । सारे ज्वेलरी कहीं नहीं दिख रहे थे। मेरे जीवन भर की संपत्ति और सारे कमाई लूट गए। यह दृश्य देखकर उन्होंने कहा कि उनके तो होश उड़ गए। इसके बाद स्थानीय थाना को इसकी सूचना दी। वहीं सूचना मिलते ही बौंसी इंस्पेक्टर अमेरिका राम एवं नवनिर्मित थानाध्यक्ष सुधीर कुमार मौके पर पहुंचकर वहां के वास्तविक स्थिति को जाना तथा मामले की जांच पड़ताल आरंभ कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में चोरी को लेकर लोगों में फिर से भय पैदा हो गया है। दुकानदारों ने इस वारदात को लेकर कहा कि ऐसी घटनाओं से असुरक्षा का डर सता रहा है। पुलिस को इस मामले में संलिप्त लोगों को हिरासत में लेकर उसपर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

# इंटर परीक्षा में नकल करवा रहे संविदा कर्मचारी गिरफ्तार



दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** इंटर की परीक्षा के दौरान सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत नवगछिया के परीक्षा केंद्र के अंदर नकल करवा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रथम पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद नवगछिया अनुमंडल पदाधिकारी उत्तम कुमार को छात्राओं से सूचना मिली की इस केंद्र पर एक युवक छात्राओं को परीक्षा में नकल करवा रहा है। सूचना पर अनुमंडल पदाधिकारी और नवगछिया एसडीपीओ ओमप्रकाश द्वितीय पाली की परीक्षा के दौरान केंद्र पर जांच के लिए पहुंचे। जांच के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने मामला सही पाया, जिसके बाद आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान नवगछिया के महम्मदपुर निवासी विशाल कुमार के रूप में हुई है। जांच के क्रम में पता चला कि आरोपी फर्जी वीक्षक नहीं संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर है। बताया जा रहा है कि आरोपी कोचिंग चलाता है। उत्तम कुमार नवगछिया अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सूचना मिली थी कि एक फर्जी वीक्षक के रूप में काम कर रहा है। सत्यापन के लिए हम और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। जांच के क्रम में पता चला कि उक्त व्यक्ति फर्जी वीक्षक नहीं संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर है। केंद्राधीक्षक के द्वारा भी बताया गया कि इनको परीक्षा केंद्र पर आने से मना किया गया था फिर भी आ गए थे। हमलोग उससे पूछताछ कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग की जांच की जा रही है। अभी आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## स्कूलों में नहीं मिल रहा अंडा

दैनिक बिहार पत्रिका | प्रवीण कुमार प्रियांशु

**खगड़िया** जिले के अलौली। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्कूलों में गत 27 जनवरी से 17 फरवरी तक छात्रों कों प्रतिदिन अंडा या फल देने का निर्देश दिया गया है। कुछ स्कूल को छोड़ कर अधिकांश स्कूलों में ऐसा कुछ भी नहीं दिखता है। स्कूली छात्रों से मिली जानकारी अनुसार स्कूल में शुक्रवार को ही अंडा या फल दिया जा रहा है। छात्रों की उपस्थिति अधिक दिखाकर अंडा या फल के लिए मिली अतिरिक्त राशि की बर्बाद की जा रही है। विभाग ने निर्णय लिया कि छात्रों को 27 जनवरी से 17 फरवरी तक प्रतिदिन छात्रों को अंडा या फल दिया जाएगा।एमडीएम प्रभारी ने बताया कि अब तक शिकायत नहीं मिली है।

# एसएम कॉलेज: छात्राओं की विदाई पर शिक्षकों ने की उज्ज्वल भविष्य की कामना





**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

---

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत सुन्दरवती महिला महाविद्यालय (एसएम कॉलेज) के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में चतुर्थ संभाग की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रभारी ने छात्राओं के सुन्दर भविष्य की कामना की। डॉ0 नीलम महतो ने भी छात्राओं को आशीर्वाद दिया। डॉ0 आशा तिवारी ओझा ने छात्राओं को आशीर्वाद स्वरूप रामचरितमानस के सुन्दर काण्ड की प्रति प्रदान की तथा हनुमान जी के जीवन से प्रेरणा लेते रहने को कहा। विभाग की अन्य शिक्षिकाएं डॉ0 कोमल, डॉ0 सबा और डॉ0 पुष्पा कुमारी भी उपस्थित थी। छात्राओं ने गुरु वंदना के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्वीटी, नेहा, स्नेहा, रजनी, रश्मि, अंशु, निशा, मनीषा, सोनी, कल्पलता, खुशबू, अंकिता, पिंकी, सुन्दर मणि और कई छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम में शमा बांध दिया।

# आस्था स्पेशल ट्रेन रामलला के दर्शन कराकर लौटी भागलपुर

## श्रद्धालुओं का भागलपुर स्टेशन पर भव्य स्वागत



**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

---

**भागलपुर। बिहार।** श्रीराम मंदिर अयोध्या की यात्रा के लिए खास तौर पर चलाई जा रही आस्था स्पेशल ट्रेन भागलपुर लौट आयी। स्टेशन पर यात्रियों का बाजे-गाजे के साथ पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया गया, जिसका नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने किया। सभी जय श्रीराम के उद्घोष लगा रहे थे और यात्रियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। इसके बाद भागलपुर पहुंचे श्रद्धालु अभिभूत भी दिखाई दे रहे थे। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की भगवान राम के दर्शन के लिए लोगों में काफी उत्साह है और हर कोई अयोध्या धाम जाकर रामलला के दर्शन करने को उत्सुक नजर आये। हमारी पीढ़ी भाग्यशाली है जिसने न केवल राम मंदिर आंदोलन देखा है बल्कि अयोध्या में दिव्य-भव्य राम मंदिर को बनते भी देखा है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता, राजेश टंडन, जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी, प्रकाश साह, रितेश घोष, विनीत भगत, अनिल कुमार आदि कार्यकर्ता ने श्रद्धालुओं को अंग- वस्त्र एवं पुष्प बरसाकार स्वागत किया।

# भागलपुर: आपसी विवाद में युवक की निर्मम हत्या से क्षेत्र में सनसनी





**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत सन्हौला थानाक्षेत्र स्थित भूवनचक गांव से उत्तर बहियार में एक युवक की निर्मम हत्या से क्षेत्र में सनसनी बनी हुई है। युवक गोराडीह थानाक्षेत्र स्थित नयाटोला गाँव निवासी छोटू मंडल (30) पिता- परमेश्वर मंडल के रूप में शिनाक्त हुई है। घटना गोराडीह और सन्हौला थाना के सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण सन्हौला थानाध्यक्ष चन्दन कुमार और गोराडीह थानाध्यक्ष विनोद कुमार सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और मामले की जाँच शुरू की। घटनास्थल पर मृतक शव के निकट खून से लिपटा खाली ग्लास व क्षतिग्रस्त टॉर्च बरामद हुआ है। मृतक के बड़े भाई चक्रधर मंडल ने बताया कि रविवार के रात्रि नौ बजे के लगभग घर में खाना खाकर छोटू घर से निकला था, घर वाले समझे कि खाना खाकर कहीं टहलने गया होगा, जब देर रात तक नहीं लौटा तो परिजनों ने छोटू कि खोजबीन शुरू की लेकिन रात्रि में कुछ पता नहीं चला। सोमवार के दिन खोजबीन के दौरान किसी के बताया कि भूवनचक बहियार में किसी युवक का शव पड़ा हुआ है, परिजन घटनास्थल पर पहुँचे और शव का शिनाक्त किया। परिजनों के अनुसार कुछ माह पूर्व से ही गाँव निवासी अमित कुमार पिता- विष्णुदेव मंडल से विवाद चल रहा था, उसने ही जान मारने की धमकी दी थी। कई बार सामाजिक स्तर पर पंचायती भी हुई थी, लेकिन फिर भी वह शांत नहीं हुआ और घटना को अंजाम दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। शव को देखने से पता चलता है कि धारदार हथियार से चेहरे व जबड़ा पर कई प्रहार किया है, जिससे शव सही से पहचानने में नहीं आ रहा था। समाचार लिखे जाने तक घटनास्थल पर सन्हौला व गोराडीह पुलिस गस्त कर रही थी, फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर बारिकी- बारिकी से जांच पड़ताल में जुट गई है।

# रजौन अंचलाधिकारी को दी गई समारोहपूर्वक भावभीनी विदाई

**दैनिक बिहार पत्रिका। प्रीतम कुमार राव**

---



**बांका। बिहार।** विभागीय प्रोन्नति मिलने के बाद रजौन अंचलाधिकारी मोहम्मद मोईनुद्दीन का स्थानांतरण पटना सचिवालय होने की खबर है। इसको लेकर रजौन आईटी भवन स्थित सभागार परिसर में 6 फरवरी दिन मंगलवार की देर संध्या रजौन प्रखंड सह अंचल कर्मियों की ओर से सीओ मोहम्मद मोइनुद्दीन को समारोहपूर्वक बुके, फूलमाला, अंग- वस्त्र एवं पुष्प बारिश करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। बता दें कि मोहम्मद मोइनुद्दीन 9 जुलाई 2021 से रजौन अंचल कार्यालय में सीओ के पद पर पदस्थापित थे। प्रोन्नति देकर फिलहाल इनका स्थानांतरण पटना सचिवालय कर दिया गया है। इस विदाई समारोह की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रूबी कुमारी एवं संचालन अंचल प्रधान सहायक शिवनारायण किस्कु कर रहे थे। विदाई समारोह को प्रमुख रूबी कुमारी, बीडीओ राजकुमार पंडित, बीसीओ प्रफुल्ल चंद्र सिन्हा, मुखिया संघ अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, मुखिया संघ सचिव प्रवीण कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार उर्फ टिंकू सिंह, मुखिया भैरो सिंह कुशवाहा सहित काफी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, प्रखंड सह अंचल कर्मी आदि उपस्थित थे। बीडीओ राजकुमार पंडित ने सीओ के विदाई बेला में बताया कि रजौन बीडीओ व सीओ दोनों के संयुक्त प्रयास से प्रखंड के बाबरचक में बन रहे बिहार के एकमात्र स्मार्ट विलेज सहित प्रखंड में विकास सम्बंधित अनेकों कार्य किया गया है, जिसको रजौन सदैव याद रखेगा। अपने विदाई मेला में सीओ मोहम्मद मोईनुद्दीन ने कहा कि ढाई साल के कार्यकाल में सत्र 2018-19 नाम दाखिल खारिज से संबंधित लंबित 2023-24 अब तक में करीब 38 हजार नाम दाखिल खारिज मामले का निष्पादन किया गया है। जिसमें सीओ मोहम्मद मोइनुद्दीन ने अपने कार्यकाल में 15 हजार ऑनलाइन नाम दाखिल खारिज मामले का निष्पादन किया है, यहां तक कि इनके कार्यकाल में पहले के लंबित पड़े अतिक्रमण मामले, आंगनबाड़ी, पंचायत सरकार भवन, एक साथ 162 लाभार्थियों को स्मार्ट विलेज बाबरचक गांव में बसाने के साथ-साथ कई सारे नेक कार्य किए गए हैं। यही कारण है कि पूरे बिहार में 534 अंचल में से रजौन अंचल को राजस्व वसूली से लेकर नाम दाखिल खारिज सहित अन्य कार्यों में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। विदाई समारोह के दौरान प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सीओ मोहम्मद मोईनुद्दीन काफी कर्तव्यनिष्ठा, कार्यकुशलता, कार्य निपुणता का छाप छोड़कर जा रहे हैं, जिसके लिए रजौन प्रखंडवासी इन्हें सदैव याद रखेंगे। विदाई समारोह के दौरान प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह, बीसीओ प्रफुल्ल चंद्र सिन्हा, अंचल के वरीय कर्मी दुर्गेश्वर मिश्र, प्रभारी अंचल निरीक्षक बालमुकुंद दास, अंचल अमीन सुरेंद्र प्रसाद राउत, महमूद आलम, विकास गुप्ता, सुषमा स्वराज, राजस्व कर्मचारी सुबोध कुमार झा, लाला कुमार, पंडित शशिनाथ प्रजापति, दीपक कुमार, बबीता कुमारी, गुड्डू राम, प्रखंड प्रधान सहायक मोहम्मद हसनैन फारुकी, सुलेखा कुमारी, अंचल नाजिर ऋषिकेश सिन्हा, अंचल डाटा इंट्री ऑपरेटर सोनू कुमार लहेरी, आरटीपीएस सहायक विकास कुमार, अविनाश कुमार, मोहम्मद रहमान, हेमंत कुमार झा उर्फ हेनु झा, अमन कुमार, विशाल कुमार यादव, विनोद मिश्र, ललन राम, सुभाष पासवान, जर्मनी पासवान, रेणु कुमारी, मुकेश कुमार, अजय पासवान सहित काफी संख्या में प्रखंड सह अंचल कर्मी आदि उपस्थित थे।

# करंट लगने से महिला हुई मूर्छित



**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

---

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर थानाक्षेत्र के इंग्लिश गांव में मंगलवार को करंट लगने से एक महिला मूर्छित हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंग्लिश गांव के रमण दास की पत्नी संगीता देवी अपने घर में बिजली के बोर्ड में फ्रीज का थ्री प्लग लगा रहीं थीं कि तभी उन्हें करंट का झटका लगा तथा वह मूर्छित होकर गिर गईं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ने उनका उपचार किया।

# राष्ट्रपति से संवाद करेंगे बिहार के युवा लेखक उत्कर्ष आनंद

**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

---



**पटना। बिहार।** आगामी 10 से 18 फरवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले विश्व पुस्तक मेला के क्रम में नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा राष्ट्रपति संग युवा लेखक संवाद कार्यक्रम में देश के विभिन्न भाषाओं के कुछ चुनिंदा लेखकों में से हिन्दी भाषा के युवा लेखक उत्कर्ष आनंद का चयन हुआ है। बता दें कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के संग इन युवा लेखकों का संवाद कार्यक्रम 11 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया जाएगा। बता दें कि उत्कर्ष आनन्द मूलत: बिहार के छपरा जिलांतर्गत दिघवारा प्रखंड क्षेत्र के बभनगांवा बंगला गांव के डॉ. सुधांशु शर्मा के पुत्र हैं और अभी पटना में निवास करते हैं। उत्कर्ष आनंद हिन्दी भाषा के समकालीन साहित्य में लिख रहे युवाओं में एक सक्रिय लेखक हैं। वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री युवा लेखक मेंटरशिप स्कीम के अंतर्गत उत्कर्ष आनंद का चयन देश के 75 लेखकों में हुआ था। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास एनबीटी) से इनकी किताब "गांधी भगत के साथी - रामविनोद सिंह" प्रकाशित हो चुकी है। राष्ट्रपति के संग युवा लेखकों के संवाद कार्यक्रम में उत्कर्ष आनन्द का चयन होने की सूचना पर एक ओर जहां उनके परिजनों, सगे-सम्बन्धियों एवं मित्रजनों के साथ-साथ ग्रामीणों में हर्ष का माहौल देखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर उन्हें बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में डीएम ने दिया तेजी से काम करने का निर्देश

**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

---



**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर प्रखंड में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी गति पर डीएम अंशुल कुमार ने चिंता जताई है, तथा इस काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। डीएम ने 29 जनवरी से 28 फरवरी तक आयुष्मान कार्ड हेतु विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया है। डीएम द्वारा जारी पत्र में कहा है कि आयुष्मान कार्ड के पात्र लाभार्थियों को वर्ष में 05 लाख रुपए तक के नि:शुल्क चिकित्सा प्रदान करने हेतु किया जा रहा है। योजना के संपूर्ण क्रियान्वयन हेतु सभी पात्र लाभार्थियों को योजना से संबंधितआयुष्मान कार्ड के विशेष अभियान के दौरान मात्र 60 हजार ई-केवाईसी किया गया जो लक्ष्य से बहुत कम है। वर्तमान में आयुष्मान कार्ड का मात्र 19 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सका है। उन्होंने सभी बीडीओ को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु नोडल पदाधिकारी बनाया है। बीडीओ अपने प्रखंड के बीपीआरओ, सीडीपीओ, मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव, विकास मित्र, आशा कार्यकर्ता आदि के साथ बैठक कर एवं समन्वय स्थापित कर वार्ड स्तर पर आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि अमरपुर में कुल लाभान्वितों की संख्या एक लाख 37 हजार 589 है जिसमें 24195 लाभुकों का कार्ड बना है यानि 17.58 प्रतिशत ही काम हो सका है।

# अमरपुर: दुष्कर्म तथा वीडियो वायरल करने के आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा , बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर थानाक्षेत्र के डटबाटी गांव से पुलिस ने दुष्कर्म तथा महिला का वीडियो वायरल करने के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, डटबाटी गांव के मो0 इम्तियाज के विरुद्ध एक महिला ने प्राथमिकी दर्जकराई थी। उन्होंने प्राथमिकी में कहा था कि मो0 इम्तियाज ने अवैध हथियार का भय दिखाकर उनके साथ दुष्कर्म किया था तथा अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया था। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर उसे सोमवार की रात में गिरफ्तार किया तथा उसका कोविड टेस्ट करवाकर मंगलवार को उसे न्यायिक हिरासत में बांका भेज दिया।

# अपहृत युवक को गोगरी पुलिस ने दो घंटे के अंदर किया बरामद

**दैनिक बिहार पत्रिका, गोगरी/खगड़िया**

---

जिले के गोगरी अनुमंडल क्षेत्र के महेशखूंट थाना क्षेत्र के इंग्लिश बन्नी गांव निवासी रामविलास चौधरी के 24 वर्षीय अपहृत पुत्र पुष्पेश कुमार को पुलिस ने मंगलवार को घटना के दो घंटे के अंदर बरामद कर लिया । पुलिस को सूचना मिली कि हथियारबंद बदमाशों ने मंगलवार की सुबह में अपहरण कर गोगरी थाना क्षेत्र के फतेहपुर बहियार में बांध कर रखा है। अपहृत के मोबाइल से उसके परिजनों को फोन कर फिरौती की मांग की है। जब पुलिस को घटना की जानकारी मिली तो थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने पुलिस बलों के साथ अपहरणकर्ता के ठिकानों पर छापेमारी करने पहुंचे। पुलिस को देख अपहरणकर्ता फरार हो गया। पुलिस ने अपहृत युवक को जख्मी अवस्था में बरामद कर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपहरणकर्ता ने अपहृत युवक को छोड़ने के एवज में 10 हजार रुपए की फिरौती मांग की थी, जिसे परिजन पेफोन पर 10 हजार 5 सौ रुपए भेजा। अपहृत इतना चालाक निकला कि फिरौती की राशि गोगरी के एक सीएसपी संचालक के पेफोन पर लिया। सीएसपी संचालक उस अपहरणकर्ता को पहचानता भी नहीं है। घटना की जांच गोगरी एवं महेशखूंट पुलिस कर रही है। सीएसपी केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाल कर अपहरण कर्ता की पहचान करने में जुटी है।